



हादसा

**अग्रवाल लॉज के संचालक और भूमि स्वामी पर मामला दर्ज, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम मलबे में लोगों को तलाश रही**

# कोतमा लॉज हादसे में 3 की मौत, 3 घायल, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**कोतमा, नवभारत 5 अप्रैल।** कोतमा नगर में बस स्टैंड के पास शनिवार शाम हुए भीषण लॉज हादसे के बाद दूसरे दिन रविवार को भी राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी रहा। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

शनिवार को शाम 5.36 बजे तीन मंजिला लॉज की इमारत अचानक भरभराकर गिर गई थी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद से ही मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार जुटी हुई हैं।

### 100 से अधिक जवान तैनात

घटना के दूसरे दिन भी 100 से अधिक जवान मलबा हटाने और सर्च ऑपरेशन में लगे रहे। राहत कार्य को तेज करने के लिए भिलाई और बनारस से अतिरिक्त टीमें भी मौके पर बुलाई गई हैं। प्रशासन का कहना है कि जब तक मलबे में किसी के फंसे होने की आशंका बनी रहेगी, तब तक अभियान जारी रहेगा।

### तीन लोगों को मलबे से बाहर निकाला

रेस्क्यू टीम ने अब तक तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। मृतकों में राधाबाई कोल, हनुमान दीन यादव और रामकृपाल यादव शामिल हैं, वहीं मलबे में फंसे रामकिशोर, जयप्रकाश और तुलसी भैना को बाहर निकाल लिया गया है। इनमें से दो गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया है, जबकि एक घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।


### वरिष्ठ अधिकारियों ने लिया जायजा

भोपाल से अपर मुख्य सचिव (गृह) सी. गुप्ता कोतमा पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### मामला दर्ज, जांच शुरू

पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान के अनुसार, कोतमा थाने में भूमि स्वामी राजीव गर्ग और लॉज मालिक लल्लू लाल अग्रवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 290 और 106 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और इमारत गिरने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। हादसे के बाद प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में जर्जर भवनों की जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

## मुख्यमंत्री ने जताया दुख, मुआवजे की घोषणा



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 9-9 लाख रुपये और घायलों को 2.5-2.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपये मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, 4 लाख संबल योजना और 1 लाख रेडक्रॉस से दिए जाएंगे। वहीं घायलों को 2 लाख स्वेच्छा अनुदान और 50 हजार रेडक्रॉस से सहायता प्रदान की जाएगी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देशन में हादसे में मृत राधा कोल के निवास पर पहुंचकर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार एवं मंत्री दिलीप जायसवाल ने उनके पुत्र को रेड क्रॉस की ओर से 1 लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा, जबकि शेष 8 लाख की अतिरिक्त सहायता राशि भी शीघ्र प्रदान की जाएगी।

### भाजपा के शीर्ष नेताओं ने व्यक्त की संवेदना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने इस हादसे पर गहरा दुख प्रकट किया है। अनूपपुर विधायक विसाहु लाल सिंह, सांसद हिमाद्री सिंह, और प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल सहित स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। हम सुनिश्चित करेंगे कि पीड़ितों को हर संभव मदद मिले और दोषियों को बख्शा नहीं जाए।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग निकाली जाएगी महारैली



### रेलवे मजदूर कांग्रेस की बैठक आयोजित

**अनूपपुर, नवभारत 5 अप्रैल।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर की साप्ताहिक बैठक 4 अप्रैल को आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

बैठक में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि 9 अप्रैल को बिलासपुर में एनएफआईआर और साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस द्वारा आयोजित महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। यह रैली ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली समेत अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर आयोजित की जा रही है।

### वर्किंग कमेटी की बैठक भी आयोजित होगी

शाखा सचिव जयंतो दास गुप्ता ने जानकारी दी कि 9 से 11 अप्रैल तक बिलासपुर में एनएफआईआर एवं मजदूर कांग्रेस की वर्किंग कमिटी की बैठक भी आयोजित होगी, जिसका नेतृत्व एनएफआईआर नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एम राघवैया करेंगे। इस दौरान विभिन्न रेल कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

### कर्मचारियों को दिए गए दिशा निर्देश

उन्होंने बताया कि जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण एवं मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में कर्मचारियों को आगामी कार्यक्रमों के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। 9 अप्रैल की महारैली में पुरानी पेंशन योजना की बहाली को सबसे बड़ा मुद्दा बताया गया। बैठक में रामदास राठौर, विवेक कुमार राय, सदाशिव पांडेय, कमलेश राठौर, एसके कोरी, रामबली, मोमिता मजूमदार, किशन द्विवेदी, रविकांत राय, मुकेश यादववंशी एवं जी सुर्याराव राव शामिल रहे।

## अर्चना सिंह ने प्राचार्य का पदभार संभाला



**अमरकंटक,नवभारत 5 अप्रैल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में अर्चना सिंह पायक ने प्राचार्य पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह दायित्व पूर्व प्राचार्य आशीष शुक्ला से संभाला। उल्लेखनीय है कि आशीष शुक्ला का स्थानांतरण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दमोह में हो गया है जहां वे अपने मूल पद प्रभारी प्राचार्य के रूप में लौटे हैं। उन्हें लगभग 9 माह पूर्व दमोह से अमरकंटक भेजा गया था। नव नियुक्त प्राचार्या अर्चना सिंह पायक इससे पूर्व दतिया में वरिष्ठ उच्चतर माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थीं। विभागीय परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उपरांत उनका स्थानांतरण पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य पद पर हुआ है। पदभार ग्रहण के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक डीएस सेंगर, रमेश सिंह, एमएल कोरी, मनोरमा कौशल सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्थानीय युवाओं को 70 प्रतिशत रोजगार की मांग

### भगवा पार्टी ने किया शक्ति प्रदर्शन



**अनूपपुर, नवभारत 5 अप्रैल।** भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव अपने अल्प प्रवास के दौरान अनूपपुर पहुंचे, जहां उन्होंने संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और स्थानीय मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिले के विकास और युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में स्पष्ट रूप से मांग रखी कि अनूपपुर जिले में संचालित हो रहे तथा भविष्य में स्थापित होने वाले उद्योगों में कम से कम 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को दिया जाए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल बेरोजगारी की समस्या कम होगी, बल्कि जिले के आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने सरकार और उद्योग प्रबंधन से इस दिशा में ठोस नीति बनाने की अपील की।

### दर्दनाक भवन हादसे पर दुख व्यक्त किया

अपने प्रवास के दौरान शिवकुमार भार्गव ने कोतमा में हाल ही में हुए दर्दनाक भवन हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह घटना प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है। प्रवास के दौरान प्रदेश सचिव विवेक सरावगी, सुजीत मिश्रा, जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्र, उपाध्यक्ष अरुण मिश्र, जिला महासचिव वरुण चटर्जी, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष एडवोकेट संतोष दुबे, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंशु मिश्रा, विजय राठौर, अनिकेत मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का जबलपुर में स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय) के कुर्मी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में सहभागिता के लिए जबलपुर आगमन पर रेलवे स्टेशन पर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री रंजीत पटेल, दशरथ पटेल, सुरेश पटेल, आदेश पटेल, राहुल पटेल सहित समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टेट परीक्षा के विरोध में 8 को धरना-प्रदर्शन



### शिक्षकों का संयुक्त मोर्चा सक्रिय

**अनूपपुर, नवभारत 5 अप्रैल।** मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) दोबारा आयोजित किए जाने के निर्णय के विरोध में अब आंदोलन तेज होता जा रहा है। प्रदेशभर के विभिन्न शैक्षिक संगठनों ने एकजुट होकर अध्यापक-शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा का गठन किया है और चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।

इसी क्रम में 4 अप्रैल को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में जिले के प्रमुख शिक्षक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से एक कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न संगठनों के जिला अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8 अप्रैल को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिया जाएगा, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन होगा, 18 अप्रैल को भोपाल में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा।

### सुको में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

ज्ञापन में टेट परीक्षा के निर्णय का विरोध, सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग तथा नवीन नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता देने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संगठन प्रमुखों ने तत्काल 1000-1000 रुपये का अंशदान दिया, जिससे टेट, पानी और साउंड सिस्टम जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

# चुनावी प्रबंधन की दी गई जानकारी, 16 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

**अनूपपुर नवभारत 5 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान 2026 के अंतर्गत 5 अप्रैल रविवार को जिले के 16 मंडलों में व्यापक रूप से प्रशिक्षण वर्ग का सफल आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने बताया कि यह अभियान संगठन की मजबूती तथा कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं कार्यकुशलता विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने कहा कि भाजपा को पार्टी विथ डिफरेंस ऐसे ही नहीं कहा जाता। जहां अन्य दलों में मंच, माला और माइक को लेकर विवाद देखने को मिलते हैं, वहीं भाजपा में अनुशासन, निर्धारित मापदंडों का पालन और वरिष्ठ नेतृत्व का आदर्श आचरण इसकी विशेष पहचान है। इसका उदाहरण मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में देखने मिला।

### समर्पित भाव से कार्य करने का लिया संकल्प

जिला प्रभारी संजय साहू ने की प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांत, इतिहास, संगठनात्मक संरचना एवं चुनावी प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी दी जा रही है, जिससे आगामी कार्यक्रमों एवं चुनावों में संगठन और अधिक प्रभावी रूप से कार्य कर सके। कार्यक्रमों के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन की रीति-नीति के अनुरूप समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।



## श्रीचंद्राचार्य धर्मार्थ अस्पताल में जांच शिविर आयोजित

**अमरकंटक,नवभारत।** रविवार को श्रीचंद्राचार्य धर्मार्थ चिकित्सालय में नि:शुल्क मिर्गी एवं लकवा रोगियों के लिए विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिलासपुर से पधारे विशेषज्ञ डॉक्टर अंबिकेश पांडेय द्वारा लगभग 45 मरीजों का परीक्षण किया गया। जांच उपरांत मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। इस दौरान अभिषेक मिश्रा (फार्मासिस्ट) सहित चिकित्सालय के सहयोगी डॉ. एसके तिवारी, डॉ. आशुतोष पाठक, राजेश कुमार तिवारी, सुखनंदन सिंह, दीपक चंद्रवंशी, रामसनेही नापित एवं ईश्वरी पेंद्राम उपस्थित रहे और शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिविर से क्षेत्र के मरीजों को काफी लाभ मिल रहा और लोगों ने इस पहल की सराहना भी की।

पहल

**पैतृक भूमि विवाद का सुखद अंत, ग्रामीणों ने इस प्रयास को एक संवेदनशील और प्रेरणादायक पहल बताया**

# टोरेंट पावर की पहल से जुड़े बिखरे रिश्ते, दिव्यांग को मिली नई उड़ान

**अनूपपुर, नवभारत 5 अप्रैल।** जिले के रक्सा-कोलमी क्षेत्र के ग्राम महुदा में वर्षों से चला आ रहा पैतृक भूमि विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। इस विवाद ने जहां चार परिवारों के बीच दूरियां पैदा कर दी थीं, वहीं अब टोरेंट पॉवर की पहल से रिश्तों में फिर से मिठास लौट आई है। ग्रामीणों ने इस प्रयास को एक संवेदनशील और प्रेरणादायक पहल बताया है।

जानकारी के अनुसार पैतृक भूमि के मुआवजे को लेकर विवाद की शुरुआत हुई थी। एक परिवार ने कंपनी से मुआवजा प्राप्त कर लिया था, जबकि शेष भूमि पर अन्य तीन परिवार वर्षों से खेती करते रहे। समय के साथ यह विवाद गहराता गया और रिश्तों में खटास बढ़ती चली गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कंपनी के अधिकारियों ने पहल की और सभी चारों परिवारों को एक साथ बैठाकर संवाद स्थापित कराया।



### चारों परिवार हुए संतुष्ट

महाप्रबंधक एसके मिश्रा, सहायक महाप्रबंधक ओ.पी. नैनीवाल, एजीएम धीरज सिंह और कंसल्टेंट सुधाकर पाण्डेय की मौजूदगी में कई दौर की बातचीत हुई। भावनात्मक माहौल के बीच अंततः आपसी सहमति बनी और वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया। इस समझौते के बाद चारों परिवारों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया।

### कंपनी ने दिव्यांग को दी आर्थिक सहायता

इस घटनाक्रम के दौरान एक और मानवीय पहल सामने आई। ग्राम महुदा निवासी दिव्यांग रामदीन राठौर, जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं, अब तक अपने दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर थे।

कंपनी ने उनकी स्थिति को समझते हुए उन्हें तीन पहिया स्कूटर खरीदने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। स्कूटर मिलने के बाद रामदीन के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वे अपने काम खुद कर पा रहे हैं और आत्मनिर्भर बनते नजर आ रहे हैं।

### यह स्कूटर मेरे लिए आजादी है : रामदीन

भावुक होकर रामदीन ने कहा, जिंदगी का बड़ा हिस्सा दूसरों के सहारे बीता, लेकिन अब लगता है कि मैं भी अपने पैरों पर खड़ा हूं। यह स्कूटर मेरे लिए आजादी है। गांव के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल भूमि विवाद का समाधान नहीं, बल्कि टूटते रिश्तों को जोड़ने की एक मिसाल है। इस घटना ने पूरे गांव में सकारात्मक संदेश दिया है।

### 14 अप्रैल को मनाई जाएगी बाबा साहब की 135वीं जयंती

**नवभारत, जबलपुर।** विश्वरत्न बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के द्वारा डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर चौक हाईकोर्ट के पास प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब की 135वीं जयंती मनाई जाएगी। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 14 अप्रैल को आंबेडकर चौक हाईकोर्ट के पास महिला की शिक्षा की जनक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती भी मनाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खुनी निम्मलमेत्ता, नागपुर, मुख्य अतिथि प्रो अपूर्वानंद दिल्ली यूनिवर्सिटी, विशिष्ट अतिथि आयुष्मान विजय सुरवाड़े लेखक मुंबई द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रत की अध्यक्षता आयुष्मान यादवराव मेश्राम द्वारा की जाएगी।